केन्द्रीय विद्यालय संगठन, रायपुर संभाग

सत्रांत परीक्षा (2024-2025)

समय: 2:30 घंटे कक्षा: आठवीं विषय: हिन्दी अधिकतम अंक: 60

सामान्य निर्देश:

1) इस प्रश्न के चार खंड हैं – क, ख, ग और घ ।
2) सभी खण्डों के उत्तर देना अनिवार्य है ।
3) यथा संभव सभी प्रश्नों का उत्तर क्रम से लिखिए ।

खंड क – (अपठित बोध)

प्रश्न 1- निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान पूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

(5x1=5)

संघर्ष के मार्ग में अकेला ही चलाना पड़ता है। कोई बाहरी शक्ति आपकी सहायता नहीं कर सकती है। परिश्रम, दृढ़ इच्छा व लगन आदि मानवीय गुण व्यक्ति को संघर्ष करने और जीवन में सफलता प्राप्त करने का मार्ग प्रशस्त करते हैं। दो महत्वपूर्ण तथ्य स्मरणीय है - प्रत्येक समस्या अपने साथ संघर्ष लेकर आती है। प्रत्येक संघर्ष के गर्भ में विजय निहित रहती है। एक अध्यापक - छोड़ने वाले अपने छात्र को संदेश दिया था - तुम्हें जीवन में सफल होने के लिए समस्याओं से संघर्ष करने को अभ्यास करना होगा। हम कोई भी कार्य करें, सर्वोच्च शिखर पर पहुँचने का संकल्प लेकर चलें। सफलता हमें कभी निराश नहीं करेगी। समस्त ग्रंथों और महापुरुषों के अनुभवों को निष्कर्ष यह है कि संघर्ष से डरना अथवा उससे विमुख होना अहितकर है, मानव धर्म के प्रतिकूल है और अपने विकास को अनावश्यक रूप से बाधित करना है। आप जागिए, उठिए दृढ़.संकल्प और उत्साह एवं साहस के साथ संघर्ष रूपी विजय रथ पर चढ़िए और अपने जीवन के विकास की बाधाओं रूपी शत्रुओं पर विजय प्राप्त कीजिए।

क. मनुष्य को संघर्ष करने और जीवन में सफलता प्राप्त करने का मार्ग प्रशस्त करते हैं-

i. निर्भीकता, साहस, परिश्रम ii. परिश्रम, लगन, आत्मविश्वास
iii. साहस, दृढ़ इच्छाशक्ति, परिश्रम iv. परिश्रम, दृढ़ इच्छा शक्ति व लगन

ख. प्रत्येक समस्या अपने साथ लेकर आती है -

i. संघर्ष ii. कठिनाइयाँ iii. चुनौतियाँ iv. सुखद परिणाम

ग. समस्त ग्रंथों और अनुभवों का निष्कर्ष है -

i. संघर्ष से डरना या विमुख होना अहितकर है। ii. मानव धर्म के प्रतिकूल है।
iii. अपने विकास को बाधित करना है। iv. उपर्युक्त सभी

घ. मानवीय शब्द में मूल शब्द और प्रत्यय है

i. मानवी + य ii. मानव + ईय iii. मानव + नीय iv. मानव + इय

ङ. संघर्ष रूपी विजय रथ पर चढ़ने के लिए आवश्यक है

i. दृढ़ संकल्प, निडरता और धैर्य ii. दृढ़ संकल्प, उत्साह एवं साहस
iii. दृढ़ संकल्प , आत्मविश्वास और साहस iv. दृढ़ संकल्प , उत्तम चरित्र एवं साहस

प्रश्न 2. निम्नलिखित पद्यांश को ध्यान पूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए (5x1=5)

जग- जीवन में जो चिर महान
सौंदर्यपूर्ण और सत्यप्राण
मैं उसका प्रेमी बनूं नाथ !
जिससे मानव.हित हो समान !
जिससे जीवन में मिले शक्ति
छूटे भय-संशय, अंधभक्ति
मैं वह प्रकाश बन सकें नाथ!
मिल जावे जिसमें अखिल व्यक्ति !

क. कवि ने चिर महान किसे कहा है ?

i. मानव को ii. ईश्वर को iii. जो सत्य और सुंदर से संपूर्ण हो iv. शक्ति को

ख. कवि कैसा प्रकाश बनना चाहता है ?

i. जिससे सब तरफ उजाला हो जाए। ii. अज्ञान का अंधकार दूर हो जाए
iii. जो जीने की शक्ति देता है। iv. जिसमें मनुष्य सभी भेदभाव भुलाकर एक हो जाते हैं।

ग. कवि ने अखिल व्यक्ति का प्रयोग क्यों किया है ?

i. कवि समस्त विश्व के व्यक्तियों की बात करना चाहता है।
ii. कवि अमीर लोगों की बात कहना चाहता है।
iii. कवि भारत के व्यक्तियों की ओर संकेत करना चाहता है।
iv. कवि ब्रह्मज्ञानी बनना चाहता है।

घ. अखिल शब्द का अर्थ होगा -

i. समस्त या सम्पूर्ण ii. अर्द्ध iii. अपूर्ण iv. इनमें से कोई नहीं

ङ कविता का मूलभाव क्या है ?

i. कल्याण ii.अमरदान की प्राप्ति iii. विश्व.परिवार की भावना iv. सत्य की प्राप्ति

खंड - ख (व्यावहारिक व्याकरण बोध)

प्रश्न 3. सही विकल्प का चुनाव कीजिये. (8x1=8)

क. 'आँख सेंकना' का सही उदाहरण है-

i. न देखना ii. देखना iii. दुर्लभ होना iv. एकटक देखना

ख. इनमें से उपसर्ग से निर्मित शब्द है-

i. भरपेट ii. विस्तार iii. सभी iv. जिसका

ग. इक प्रत्यय के लिए उचित विकल्प चुनिए -

i. सजीव ii. संधि iii. धार्मिक iv. प्रतीक

घ. हम बड़ी तेजी से बाहर फेक दिए गए। में कौन - सा कारक है-

i. संबंध कारक ii. अपादान कारक iii. करण कारक iv. इनमें से कोई नहीं

ड. 'प्रवीने' का मानक हिंदी क्या होगा ?

i. प्रवीण ii. प्रवीन iii. प्रविन iv. कोई भी नहीं

च. 'पानी परत को हाथ छुयो नहि , नैनन के जल सो पग धोये' में किस अलंकार का प्रयोग हुआ है-

i. अनुप्रास ii. पुनरुक्ति का iii. यमक iv. अतिशयोक्ति

छ. इनमें कौन-सा द्वंद्व समास का उदाहरण है-

i. महादेव ii. जात – पात iii. दिन – रात iv. कृष्णदेव

ज. कर्ता कारक की विभक्ति है -

i. ने ii. को iii. से iv. का

खंड - ग (पठित बोध)

प्रश्न 4. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान पूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

(5x1=5)

"बहुत दिन हुए मेरे पुरखे हद्रजन(हइड्रोजन) और ओषजन (ऑक्सीजन) नामक दो गैसें सूर्य मण्डल में लपटों के रूप में विद्यमान थीं"

"सूर्यमंडल में अपने निश्चित मार्ग पर चक्कर काट रहा था । ब्रम्हांड में उथल-पुथल हो रही थी। अनेक ग्रह और उपग्रह बन रहे थे । एक प्रचंड प्रकाश पिंड-तेजी से सूर्य की ओर बढ़ रहा था । यह सूर्य से लाखों गुना बड़ा था । इसकी आकर्षण शक्ति के कारण सूर्य का एक भाग टूटकर उसके पीछे चला । सूर्य इतना भारी खिंचाव को संभाल नहीं सका और कई टुकड़ों में टूट गया । इन्हीं में से एक टुकड़ा हमारी पृथ्वी है । यह प्रारंभ में एक बड़ा आग का गोला थी ।

क. कौन-सी दो गैसें वायुमंडल में विद्यमान थीं ?

ख. सूर्य मण्डल किस मार्ग पर चक्कर काट रहा था ?

ग. ब्रम्हांड में क्या बन रहे थे ?

घ. सूर्य की तरफ क्या बढ़ रहा था ?

ङ. पृथ्वी पहले कैसी थी ?

प्रश्न 5. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर लिखिए . (5x2=10)

क. बाज के लिए लहरों ने गीत क्यों गाया था ?

ख. पानी की कहानी के आधार पर पानी के जन्म और जीवन- यात्रा का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए।

ग. साइकिल आंदोलन से पुडुकोट्टई की महिलाओं के जीवन में कौन - कौन से बदलाव आए हैं

घ. जल चक्र से क्या समझते हैं ?

ड. बिलवासी जी रुपयों का प्रबंध कहाँ से किया था ?

च. सुदामा की दीनदशा देखकर श्रीकृष्ण की क्या मनोदशा हुई ? अपने शब्दों में लिखिए।

छ. मक्खन चुराते और खाते समय श्री कृष्ण थोडा सा मक्खन बिखरा क्यों देते हैं ?

प्रश्न 6. निम्नलिखित पद्यांश को ध्यान पूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए . (5x1=5)

तैरै लाल मेरौ माखन खायौ ।
दुपहर दिवस जानि घर सूनों ढूँढि –ढँढोरी आपही आयौ ।
खोलि किवारि, पैठि मंदिर मैं, दूध-दही सब सखनि खवायौ ।
ऊखल चढ़ि, सींकें कौ लीन्हौ, अनभावत भुईं मैं ढरकायौ ।
दिन प्रति हानि होति गोरस की, यह ढोटा कौनै ढंग लायौ ।
सूर स्याम कौ हटकि न राखै तै हीं पूत अनोखौ जायौ ।

क. कवि एवं कविता का नाम लिखिए ।
ख. गोपियाँ माता यशोदा से किसकी शिकायत कर रहीं हैं ?
ग. श्रीकृष्ण किस पर चढ़कर माखन निकालते हैं ?
घ. किस चीज की प्रतिदिन हानि होती है ?
ङ. श्रीकृष्ण माखन भूमि पर क्यों बिखरा देते हैं ?

भारत की खोज से

प्रश्न 7. सही विकल्प का चुनाव कीजिये. 4x1=4

क. भारत छोड़ो आंदोलन की शुरुआत कब हुई थी ?

i. सन् 1942 ई. में ii. सन् 1940 ई. में iii. सन् 1950 ई. में iv. 1945 ई. में

ख. अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय की स्थापना किसने की थी ?

i. अबुल कलाम आजाद ii. सर सैयद खाँ
iii. अलीगढ़ कॉलेज के मुसलमान बुद्धिजीवी iv. आम मुस्लिम वर्ग

ग. राजा राममोहन राय ने किस प्रथा पर रोक लगाई ?

i.बाल विवाह ii. विधवा विवाह iii. सती प्रथा iv. परदा प्रथा

घ. भारत में ईस्ट इंडिया की स्थापना कब हुई ?

i. 1700 ii. 1800 iii. 1600 iv. 1500

ड. किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिये – 2x2=4

i. शिवाजी के कार्यों का वर्णन कीजिए ?
ii. गुप्त काल को स्वर्णयुग क्यों कहा जाता है ?
iii प्राचीन भारत के प्रसिद्ध गणितज्ञों के नाम लिखिए ।

खंड - घ (रचनात्मक बोध)

प्रश्न 8. किसी एक विषय पर पत्र लिखिए. 1x5=5

अपनी छोटी बहन को छात्रावास में सतर्कता बरतने की सलाह देते हुए पत्र लिखिए।

अथवा

प्राचार्य महोदय को तीन दिनों के अवकाश हेतु पत्र लिखिए जिसमें भाई की शादी का उल्लेख हो ।

प्रश्न 9. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 80 - 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए . 1x5=5

क. स्वच्छ भारत अभियान

संकेत बिंदु- i. स्वच्छ भारत अभियान ii. अभियान की शुरुआत iii. सुझाव

ख. साईकिल एक विनम्र सवारी-

संकेत बिंदु- i. विनम्र का अभिप्राय ii. स्वास्थय के लिए लाभ iii. सुझाव

ग. समाज में नारी की बदलती भूमिका

संकेत- बिंदु- i. प्राचीन काल में नारी की स्थिति ii. आधुनिक काल में नारी
iii. नारी में बढ़ी आत्मनिर्भरता

प्रश्न 10. संवाद लेखन- 1x4=4

लेखक और पानी की बूँद के मध्य संवाद लिखिए

****